हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 9 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री


11 शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान





12 राहत कम आफत ज्यादा, हल्की बूंदाबांदी भी विद्युत...




## स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर डाक्टर से 5 लाख सायबर ठगी, आरोपियों की तलाश

### कम पैसा ट्रांसफर करने का दिया झांसा और दो अकाउंट से रुपए हड़प लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

- होम्योपैथी डॉक्टर को स्मार्ट विद्युत मीटर अपडेट करने के नाम से 13 रुपए आनलाइन मनी ट्रांसफर करवाया

आरबीआई व पुलिस के लगायार जन जागरूकता अभियान के बावजूद साईबर ठगी के मामलो मे कमी नही आ पा रही है वही पुलिस को साईबर मामले मे अब तक कोई बडी सफलता भी नही मिल पा रही है ऐसा ही एक ठगी का मामला प्रकाश मे आया है जहाँ नगर के एक होम्योपैथी डॉक्टर को स्मार्ट विद्युत मीटर अपडेट करने के नाम से आरोपी ने पहले 13 रूपए आनलाईन मनी ट्रांसफर करवाया फिर धड़ाधड़ 5.48 लाख रूपए अलग अलग दो एकाऊंट से राशि हड़प लिया, प्रार्थी के शिकायत पर थाना प्रभारी थान खम्हरिया द्वारिका देशलहरे व सायबर सेल बेमेतरा ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश मे जूट गये है। बेमेतरा जिले मे साईबर ठगी का अनेक मामले सामने आते रहे है जिसमे मोबाईल टावर लगाने,अधिक धन राशि देने,फिल्मी कलाकारो से मिलाने,किसी रियालटी टीवी शो मे पहुँचाने तथा शासकीय योजनाओ के बड़ा लाभ दिलाने के नाम पर ऐसे सैकड़ो काल्स मोबाईल पर आते रहते है और लोग ठगी के शिकार होते रहे है मगर जिले मे पुलिस बल की कमी के चलते जांच पड़ताल मे देरी व उचित तरीके से नही हो पाने से अधिकांश मामला लंबित बताए जा रहे है। इधर ▶▶|शेष पेज 10 पर




#### चालाकी से कम राशि ट्रांसफर करायी

घटना 07 जून की सुबह 7 बजे की है जब नगर के वार्ड क्र 12 निवासी एक होम्योपैथी चिकित्सक के पास फर्जी मोबाईल नं से काल आया कि वर्तमान मे घरो घर लगे स्मार्ट मीटर को अपडेट किया जा रहा जिसमे पीड़ित के मीटर का भी अपटेड करने कहाँ चूंकी ईदुल अजहा की त्योहार के चलते डॉक्टर को जल्दी नमाज पढने स्थानीय ईदगाह जाना था इसलिए वह बात नही किया।डॉक्टर जब नमाज पढकर वापस घर लौटा तो अपने पुत्र को संदिग्ध आरोपी को काल करने कहा जिस पर साईबर आरोपी ने स्मार्ट विद्युत मीटर अपडेट करने महज 13 रूपए का मनी ट्रांसफर करने को कहा और उक्त राशि फोन पे पर ट्रांसफर भी कर दिया।साईबर क्राईम करने वाले कितने शातिर होते है इस बाद से अंदाजा लगाया जा सकता है चालाकी से कम राशि टांसफर कराया और डॉक्टर के पुत्र के एकाऊंट से 98 हजार तथा डॉक्टर के खुद के एकाऊंट से अलग अलग राशि 4.50 लाख कुल 5.48 लाख धड़ाधड़ अपने एकाऊंट मे देखते ही देखते ट्रांसफर कर लिया।जब राशि कटने का सूचना मोबाईल पर मिलता गया तब तक पिड़ित साईबर ठगी का शिकार होने का आभास हुआ तब तक देर हो चुका थी और अकाऊंट शून्य हो गया शून्य हो गया था। इस प्रकार पढे लिखे वर्ग भी फर्जी काल के जरिए साईबर ठगी के शिकार हो रहे है।

## खबर संक्षेप

### गर्म हवाओं के थपेड़ों ने किया बेहाल, तापमान 40 डिग्री पर



**बेमेतरा।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम ने पिछले कुछ दिनों से फिर करवट बदल ली है। प्री मानसून बारिश से ठंडे हुए वातावरण में एक बार फिर गर्मी आ गई है। तापमान 40 डिग्री के करीब जा पहुंचा है। दिनभर चलने वाली गर्म हवाओं की वजह से जहां लोग हलाकान हैं वही दोपहर में सड़के सूनी हो जा रही है। इसके अलावा कृषि कार्य में जुटे लोग भी अधर में लटके हुए हैं। इधर मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ 59 डिग्री पूर्व और 27 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश के उपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पूर्वी विदर्भ से उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में आज 9 जून को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज- चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा के पैटर्न में 'बदलाव होता है। इसके कारण अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाएं कमजोर है। अगले 3 से 4 दिनों में स्थिति यही बने रहने की संभावना है।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला आज, युवाओं को अवसर

**बेमेतरा।** जिला रोजगार कार्यालय, कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज के संयुक्त तौर पर आज 9 जून सोमवार प्रातः 11:00 बजे से एक जिला स्तरीय एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है । यह मेला जिला पंचायत संसाधन केंद्र बेमेतरा में आयोजित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस मेले में नुट्रिएंट्री क्रॉप केयर पीवीटी एलटीडी बिलासपुर द्वारा युवाओं की भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति फील्ड ऑफिसर कुल पद 35, वेतनमान 9,000 – 16,000, कार्यस्थल बेमेतरा, एग्रीकल्चर एडवाइजर कुल पद 18, वेतनमान 12,000 – 20,000 के पदों पर की जाएगी ।

इस रोजगार मेले में 10वीं एवं 12वीं पास अभ्यर्थी जिनकी शैक्षणिक योग्यता संबंधित पद के लिए उपयुक्त हो, वे भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, एवं पहचान पत्र के साथ मेले में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर आज होंगे कई कार्यक्रम

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन आज जिले भर के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में किया जाएगा। राज्य कार्यालय स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा के आदेश पर यह विशेष अभियान संचालित होगा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड़ ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रारंभ यह अभियान हर माह की 9 और 24 तारीख को आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच और जटिल प्रकरणों की समय पर पहचान कर उन्हें सुरक्षित मातृत्व सेवाएं प्रदान करना है। इस दिन गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण प्रसव पूर्व जांच मेडिकल ऑफिसर और स्त्री रोग विशेषज्ञों की देखरेख में की जाएगी। डीपीएम सुश्री लता बंजारे ने बताया ▶▶|शेष पेज 10 पर

### हादसा : भीषण हादसे में ठोकर से दो युवक दूर जाकर गिरे और हुई मौत

## चकलाकुंडा मोड़ पर कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- नवागढ़ में सड़क हादसा, चकलाकुंडा मोड़ बना फिर मौत का सबब

शनिवार की शाम नवागढ़ थाना क्षेत्र के नवागढ़-छिरहा मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार दोनों युवक दूर जा गिरे और मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान प्रदीप यादव (26 वर्ष) और छन्नू ध्रुव (38 वर्ष) के रूप में हुई है, जो नवागढ़ विधानसभा के चरगंवा गांव के निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, दोनों युवक बाइक से नवागढ़ की ओर आ रहे थे। शाम करीब 6:40 बजे, जैसे ही वे चकलाकुंडा मोड़ के पास पहुँचे, सफेद रंग की एक तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 04 एचआर 7400 ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। दोनों युवक कई फीट दूर जाकर गिरे और खून से लथपथ हो गए।

**लोगों की तत्परता के बाद भी नहीं बची जान-** हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायलों को गंभीर हालत में तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि दोनों की मौत पहले ही हो चुकी थी। सिर और सीने में गंभीर चोटें लगने के कारण दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**पुलिस जांच में जुटी, वाहन जब्त-** घटना की जानकारी मिलते ही नवागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अलील चंद ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया है। कार चालक की पहचान की जा रही है, और उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया जाएगा। शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।



#### ग्रामीणों की नाराजगीः कब जागेगा प्रशासन?

चकलाकुंडा मोड़ को लेकर ग्रामीणों में पहले से ही नाराजगी है। यह इलाका बार-बार दुर्घटनाओं का गवाह बन चुका है। बावजूद इसके ना तो स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं और ना ही कोई चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन हादसे के बाद ही जागता है, लेकिन स्थायी समाधान की कोई पहल नहीं की जाती।

#### चरगंवा गांव में पसरा मातम, एक साथ उठीं दो अर्थियां

हादसे की खबर जैसे ही चरगंवा गांव पहुंची, वहां कोहराम मच गया। दोनों मृतकों का गांव में अच्छा खासा सामाजिक जुड़ाव था। एक साथ दो युवकों की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया। अंतिम संस्कार के दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उमड़ पड़े। हर आंख नम थी और पूरा गांव शोकाकुल माहौल में डूबा रहा।



## किराना दुकान से आठ लाख की चोरी 3 गिरफ्तार, 5.20 लाख नकद जब्त

### सायबर सेल और दाढ़ी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

- कठौतिया की घटना, एक आरोपी फरार, तलाश जारी

जिले के कठौतिया गांव में एक किराना दुकान से लाखों रुपये की चोरी करने वाले तीन आरोपियों को बेमेतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सायबर सेल और थाना दाढ़ी पुलिस की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपियों के पास से 5 लाख 20 हजार 680 रुपये नगद बरामद किए गए हैं। चोरी की यह वारदात संगठित रूप से योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दी गई थी। एक आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

**रात में दुकान बंद कर गया था मालिक, सुबह पता चला चोरी का-** घटना 25 मई की रात की है। कठौतिया निवासी महेंद्र पटेल (38 वर्ष) रोज की तरह रात 8:30 बजे अपनी किराना दुकान बंद कर घर चला गया। अगले दिन सुबह जब दुकान खोली गई तो काउंटर में रखी नगदी गायब थी। प्रार्थी ने तत्काल थाना दाढ़ी में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत दर्ज की गई।

**चोरी में केसीसी लोन की रकम भी शामिल-** प्रारंभिक जांच में पता चला कि काउंटर से केवल बिक्री ▶▶|शेष पेज 10 पर

#### इन अधिकारियों और जवानों ने निभाई अहम भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रोशन लाल टोण्ड्रे, सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि गुहाराम वारे, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, लोकेश सिंह, विक्रम सिंह, संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, जयकिशन साहू, पीलाराम साहू, विनोद सिंह राजपूत, संतोष धीवर, बिरेन्द्र चंद्रवंशी, कपील चंद्रवंशी, संजय चंद्राकर, अनिल सोनकर, धर्मेन्द्र साहू, चंद्रकुमार पटेल, खेमलाल निषाद, हेम प्रसाद साहू समेत अन्य स्टाफ की भूमिका रही।

## झांकी हिंसा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई दोनों पक्षों के 32 लोगों पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- 13 आरोपी रिमांड पर, घायलों का इलाज जारी

ग्राम झांकी में खेत की मेड़ पर मिट्टी डालने और फेंसिंग को लेकर हुए खूनी संघर्ष में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। दोनों पक्षों को मिलाकर कुल 32 लोगों पर अपराध दर्ज किया गया है। इनमें एक पक्ष के 17 और दूसरे पक्ष के 15 लोगों को आरोपी बनाया गया है। अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि गुरुवार को खेत में मिट्टी डालने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी, जो स्थानीय समझौते के बाद शांत हो गई थी। लेकिन शनिवार को एक पक्ष द्वारा फेंसिंग किए जाने पर फिर से विवाद भड़क गया, जो देखते ही देखते लाठी, डंडा और धारदार हथियारों की झड़प में बदल गया। झड़प में घायल 23 लोगों में से 9 को बिलासपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। इनमें रूपकली (45) और अंजली टंडन (36) की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। अन्य घायलों में कुछ को छुट्टी मिल चुकी है, जबकि अधिकांश का इलाज बिलासपुर सिम्स में चल रहा है।

**32 नामजद, आगे और भी हो सकती हैं गिरफ्तारियां-** नवागढ़ थाना प्रभारी अलील चंद के मुताबिक अब तक दोनों पक्षों से 32 नामजद आरोपियों पर बलवा, मारपीट, गंभीर चोट पहुंचाने, और हत्या के प्रयास जैसी धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। 13 की गिरफ्तारी हुई है, बचे हुए को भी जल्द गिरफ़्तार किया जाएगा।

#### पुलिस ने देर रात की छापेमारी

घटना के बाद नवागढ़ पुलिस ने शनिवार रात और रविवार सुबह तक लगातार दबिश देकर 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें से 10 आरोपी एक पक्ष से और 3 आरोपी दूसरे पक्ष से हैं, जिन्हें पुलिस ने रिमांड पर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सर्च अभियान जारी है।

## कठिया स्कूल के विद्यार्थियों शैक्षणिक भ्रमण में ग्रामीण जीवन शैली का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रेरणा विद्यालय के 9वीं से 12वीं विद्यार्थियों ने ग्राम मटका का किया भ्रमण

प्रेरणा विद्यालय कठिया द्वारा रविवार को आयोजित सामाजिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने ग्राम मटका का दौरा किया। इस दौरान छात्रों ने ग्रामीण जीवनशैली, सामाजिक-सांस्कृतिक संरचना, प्रशासनिक व्यवस्था, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। ग्राम मटका, जो कठिया से लगभग 14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध है। उन्होंने जान की गांव में अंग्रेजों के समय का एक प्राचीन तालाब और मंदिर है, साथ ही 200 वर्ष पुराना एक ऐतिहासिक कुआं भी है, जिसमें एक सुरंगनुमा मार्ग से ठंडी हवा का अनुभव होता है। गांव में कृषि प्रधान आजीविका है, जहाँ गेहूं, चावल और दालों की खेती होती है। पशुपालन और हस्तशिल्प भी यहां के जीवन का हिस्सा हैं। गांव में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं का प्रभाव दिखा। संयुक्त परिवार प्रणाली, महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और विद्यालयी शिक्षा में बढ़ती रुचि गांव के सामाजिक परिवर्तन का संकेत देती है। प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालय तक की सुविधाएं हैं, और अनेक विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए कस्बों की ओर जा रहे हैं। गांव में स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय और टीकाकरण की नियमित व्यवस्था ▶▶|शेष पेज 10 पर




### मवेशियों को अकाल मौत हो रही, पशु मालिक भी कर रहें लापरवाही

## सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा, जिम्मेदार चुप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर मवेशियों का खुलेआम विचरण अब जानलेवा बनता जा रहा है। मूक मवेशी सड़क के दोनों ओर बीचोंबीच बेखौफ घूमते नजर आ रहे हैं। यह स्थिति न केवल वाहन चालकों के लिए खतरा है बल्कि इन मूक प्राणियों के लिए भी जानलेवा साबित हो रही है। सड़क पर मवेशियों की यह मौजूदगी दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रही है। तेज गति से दौड़ते ट्रक और भारी वाहन अचानक सामने आ रहे मवेशियों से टकरा जाते हैं, जिससे कई बार मवेशी बेमौत मारे जाते हैं,वहीं चालक और सवारी भी हादसे का शिकार हो रहे हैं। इस समस्या के पीछे सबसे बड़ा कारण ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों को खुला छोड़ देना है। चारा-पानी की तलाश में ये पशु सड़कों पर आ जाते हैं और अक्सर वहीं बैठ जाते हैं या झुंड बनाकर चलने लगते हैं।सड़क किनारे चराई रोकने, मवेशियों के लिए बाड़ेबंदी या गौशालाओं की उचित व्यवस्था न होने से वे मवेशी खुलेआम घूमते हैं। वहीं, कुछ लोग जानबूझकर भी अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं जिससे वे खुद चारा खोज सकें, लेकिन यह आदत अब भारी पड़ने लगी है। समय आ गया है कि इस समस्या पर गंभीरता से विचार किया जाए। ग्राम पंचायतों को चाहिए कि वे मवेशियों के रखरखाव की समुचित व्यवस्था करें और ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। सड़कों पर मवेशियों को छोड़ना न केवल अमानवीय है।





#### प्रशासन करे कार्रवाई

प्रशासन को चाहिए कि ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई करें, मवेशी पालकों को जागरूक किया जाए और सड़कों पर पशुओं की आवाजाही को रोकने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जाएं, ताकि इन मूक प्राणियों की जान बेमौत न जाए और आमजन भी सुरक्षित रह सके।आमजनों की मानें तो सड़कों पर मवेशियों की सड़कों पर मौजूदगी से आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। कई मामलों में मवेशी गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं, जिन्हें उपचार भी नहीं मिल पाता और वे तड़प-तड़प कर मर जाते हैं। ऐसे मामलों में पशुपालक भी जिम्मेदारी लेने से बचते हैं। स्थानीय प्रशासन और पंचायतों की उदासीनता भी इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है।

## शोभायात्रा निकाली व शनिदेव मंदिर में की गई प्राण-प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम झाल में शनिदेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन धार्मिक श्रद्धा और सामाजिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। कार्यक्रम का आयोजन जयश्रीराम नवयुवक मण्डल समिति द्वारा किया गया। आयोजन की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय माहौल से भर दिया। शाम को हुई पंडवानी की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति से जोड़ा। मधु रॉय ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दीं और आयोजन ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी के प्रमोशन को लेकर शिकायत

**डोंगरगढ़।** धान खरीदी केन्द्र लालूटोला के लिपिक को सहायक अधिकारी बनाने के बाद अब समिति प्रबंधक बना दिया गया है। पंजीयक कार्यालय के अधिकारीयों ने नियम कानुन को दरकिनार कर ऐसे कर्मचारी को सहायक प्रबंधक का दायित्व सौंपा है जो प्रक्रिया के अनुरूप उसके लायक नही है। लालूटोला समिति प्रबंधक टिकेन्द्र साहू जो 6 माह पूर्व लिपिक के रूप में पदस्थ थे को पदोन्नत करने के बाद सहायक समिति प्रबंधक बनाया गया था। उन्हे अब समिति प्रबंधक का दायित्व सौंपा गया है।

### पौधरोपण करने ग्रामीणों को किया जागरूक

**गंडई पंडरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला धोधा किसी पहचान को मोहताज नहीं है। स्कूल की पढ़ाई ऐसी है कि 7 किमी दूर स्थित गंडई शहर के बच्चे भी वहां पढ़ाई करने जाते हैं। स्कूल और ग्रामीणों के प्रयास से स्कूल के आसपास नशीली वस्तु नहीं बेचा जाता है। स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजन को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया।पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

**राशन कार्डों को गिरवी में रख रहे सूदखोर**

अंकुश लगाने नहीं हो रही कार्रवाई

# चावल की कालाबाजारी से कई व्यापारी काट रहे चांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोगों को गरीबी से उबारने के लिए पूर्ववर्ती रमनसिंह की सरकार ने मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना शुरू किया था। योजना के तहत गरीब परिवारों को एक रूपए की दर 35 किलो चावल दिया जाता है। योजना के तहत मिलने वाले चावल की बेरोकटोक कालाबाजारी किया जा रहा है जिसके चलते चावल लोगों के घरों के बजाए व्यापारियों और मिलर्स की गोदाम तक पहुंच रहा है।

जानकारी के अनुसार कुछ व्यापारी हितग्राहियों के राशन कार्ड को गिरवी में रखकर चावल ले रहे है। यह लोग हितग्राही को केवल थम्म लगाने के लिए दुकान बुलाते है और फिर नगदी कमीशन देकर चावल को अनाज दुकानों और राईस मिलो तक पहुंचा देते है। जानकारी के अनुसार एपीएल के हितग्राहियों को 10 रूपए प्रति किलो की दर से मिलने वाला चावल बाजार में 30 से 32 रूपए प्रति किलो की दर पर बिक रहा है। इस चावल को व्यापारी दुकान के संचालको से 26 रूपए की दर से खरीदते है। कुछ हितग्राही राशन दुकान में ही 20 रूपए की दर से चावल बेच देते हैं। शहर में सरकारी चावल के कारोबार से 15 से 20 दलाल सक्रिय है जिनकी अधिकारियों से सांठगांठ हैं जिनके चलते दलालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।



### हो रही चावल की तस्करी

जानकारी के अनुसार फूड इंस्पेक्टर मुख्यालय में निवास करने के बजाए बाहर से आना जाना करता है। आरोप है कि विभाग के अधिकारी केवल कमीशन लेने शहर मे आते हैं। पता चला है कि चावल के व्यापारी में अपने घरों के अलावा गोदाम में भंडारण कर है। इस चावल को राईस मिलो के अलावा मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र भेजा जाता है। इस कारोबार में शहर के कई बड़े व्यापारी और राईस मिलर शामिल है।

### लाखों का वारा न्यारा

जानकारी के अनुसार राशन दुकानों से प्रति माह लाखों के चावल की कालाबाजारी हो रही है। चावल के इस काले धंधे में राशन दुकानदार को 3, दलाल को 2 और व्यापारी को 4 से 5 रूपए कमीशन मिलता है। जानकारी के अनुसार कुछ लोग राशन कार्ड को गिरवी में भी रखते हैं। यह राशन कार्ड रखकर 10 हजार तक देते है जिसके एवज में वह प्रतिमाह हितग्राहियों के चावल लेने पर 5 सौ रूपए वसूल करते है। राशन दुकानों में कई शूदखोरों को सक्रिय देखा जाता है। कुछ व्यापारियों ने चावल एकत्रित कर गोदाम तक लाने के लिए मजदुर रखा है। मजदूरों ने बताया कि चावल को एकत्रित करने के बाद बिना रोक टोक के व्यापारियों तक पहुंचा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि चावल इकठठा करने से लेकर लोड करने पर दो रूपया प्रति कट्टा कमीशन मिलता है।



# सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर किया पौधारोपण

■ ग्रामीणों नें उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का किया आभार व्यक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम पंचायत छिरहा में डिप्टी सीएम विजय शर्मा के अनुशंसा पर 5.20 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण व मां शाकम्भरी भवन आहता निर्माण 3 लाख की निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। साथ में पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। इस स्वीकृत निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, कवर्धा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीर सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष पंचराम कोसले, एससी मोर्चा पवन पटेल, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मैनपुरी दानीराम चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता आत्मादास मानिकपुरी, सुरेश पटेल, प्रकाश यादव, दिलीप साहू, जागेश्वर पटेल, बबला चन्द्रवंशी, मुन्ना चंद्रवंशी, खेदूराम साहू, रामावतार यादव, चैन पटेल, निरंजन पटेल, राम पटेल और समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थे। जिस पर ग्रामीणो ने विकास कार्यों की सौंगात मिलने पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार प्रकट किया।

# नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम धनेली में स्व. रामभरोस साहू के वार्षिक श्राद्ध-बरसी के पावन अवसर पर नौ दिवसीय 08 से 16 जून तक संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य शुभारंभ माताओं व बहनों द्वारा भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण कर किया गया। वहीं संगीतमय ज्ञान यज्ञ कथा में कथा वाचक पं कृष्णकांत शर्मा, परायणकर्ता पं अनिरुद्ध शास्त्री, वेदी पूजन विभाग पं अनिल शर्मा, पुरोहित पं प्रमोद शर्मा व मुख्ययजमान श्रीमती राधिका कोमल साहू विराजमान है। वहीं आयोजक श्रीमती निर्मला शत्रुहन साहू ने आसपास के सभी ग्रामीणों व क्षेत्रवसियों को नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा सरिता में गोता लगाकर अपने मानव जीवन को कृतार्थ करने अपील की गई।

**तीन माह का चावल एक मुश्त में मिलने से ग्रामीण गरीब, मजदूर हितग्राहियों में उत्साह का माहौल**



**हरिभूमि बरबसपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहर व अंचल क्षेत्र में चांवल उत्सव मनाया जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार के राशनकार्डधारी हितग्राहियों को जून, जुलाई व अगस्त माह का चावल एक मुश्त में दिया जा रहा है। जिससे गरीब हितग्राही राशनकार्डधारियों को तीन माह का चावल एक साथ मिलने से हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हर महीने चावल लेने के लिए शासकीय उचित मूल्य की दुकान दूर-दराज से लम्बी दूर तय कर राशन दुकान पहुंचते थे, लेकिन अब तीन माह का चावल एक मुश्त में मिलने से हितग्राहियो को लम्बी दूरी नही नापनी पड़ेगी।


# श्रीमद्भागवत कथा में रुखमणी मंगल रुखमणी विवाह झांकी की प्रस्तुत

■ कथा व्यास ने बताया कि रूखमणी मंगल का कथा प्रसंग सुनने एवं रूखमणी मंगल का पाठ करने से विवाह में आ रही बाधा दूर होती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम टाटीकसा में श्री शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के क्रम में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व भक्तजन श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा सुनने कथा स्थल पहुचं रही है। जिस पर कथा वाचक आचार्य पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री ने कथा प्रसंग के क्रम में श्रीकृष्ण और रुखमणी के विवाह की व्याख्याकर श्रोताओं को भाव-मुग्ध किया।

श्रीमद भागवत कथा अमृत वर्षा के रूप में श्रद्धालुओं के अंतःकरण को भींगो कर रसरंग में डूबो रही थी। भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीला और महारास के वर्णन से सुम-धुरित कथा श्रवण से सभी भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास श्री शास्त्री ने बताया कि श्रीकृष्ण लीलामृत के महारास में जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। उन्होंने



कहा कि जीव और परमात्मा तत्व ब्रह्म के मिलन को ही महारास कहते है। कथा व्यास ने कहा जब जीव में अभिमान आता है तब भगवान से वह दूर हो जाता है, लेकिन जब कोई भगवान के अनुराग के विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते हैं, उसे दर्शन देते हैं। भगवान श्रीकृष्ण-रूखमणी विवाह प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रूखमणी के साथ संपन्न हुआ, लेकिन रूखमणी को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया।

कथा व्यास ने बताया कि रूखमणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। इस अवसर पर श्रीकृष्ण और रूखमणी विवाह की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि रूखमणी मंगल का कथा प्रसंग सुनने एवं रूखमणी मंगल का पाठ करने से विवाह में आ रही बाधा दूर होती है और शीघ्र विवाह का योग बनता है साथ ही माता लक्ष्मी एवं श्री हरि विष्णु की सदैव कृपा रहती है। कथा के सफल संचालन में भागवत कथा समिति के अर्जुन प्रसाद तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, टिकेंद्र प्रसाद तिवारी, सूरज तिवारी सहित दर्जनों सदस्य लगे हुए हैं, साथ ही साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा रसपान करने दूर-दराज से श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

# हरी साग-सब्जियों की बढ़ती कीमतों से आम नागरिक परेशान

■ लोकल बाड़ियो से साग-सब्जियों की आवक में कमी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

साग-सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी होने से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों व्यापारी और कोचियों द्वारा गांव-गांव में 10-15 रूपए प्रति किलो ग्राम बिकने वाले लाल टमाटर को अब वर्तमान में 30 रूपए प्रति किलो में बेच रहे हैं, क्योंकि टमाटर की भाव अब धीरे धीरे बढ़ने से घरों की बजट भी धीरे-धीरे बिगड़ने लगी है। मिली जानकारी के अनुसार हरी साग-सब्जिया जैसे करेला 80 रूपए प्रति किलो, मुनगा 80 रूपए, बरबटी, कद्दू,





भिंडी, बैगन, लौकी, 30 रूपए प्रति किलो पार हो चुके हैं। जिस पर व्यापारी आत्मादास बंजारे ने बताया कि लाल टमाटर का एक कैरेट 600 से 700 रूपए हो चुके हैं और लोकल टमाटर और अन्य साग-सब्जियां की आवक कम होने के कारण बाहरी लाल टमाटर व साग-सब्जिया बाजार में आ रहा हैं, जिनके कारण से लाल टमाटर की भाव 30 रूपए किलो बाजार में बिक रही है।

जिनके कारण से रसोई घर की बजट बिगड़ गई है। टमाटर की बढ़ी कीमतों से लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई है, वहीं आलू, प्याज सहित अन्य सब्जियों की बढ़े दाम से उनका बजट बिगड़ रहा है। पूर्व में तेज धूप अब बारिश के कारण बाजार में सब्जियों की आवक में कमी आई है। इस कारण सब्जियों की कीमत में भारी बढ़ोतरी हुई है। वहीं मंडियों से मोहल्ले तक पहुंचते ही सब्जियों के मूल्य में चार गुना तक वृद्धि देखने को मिल रही है। बताया जाता है कि सब्जियों की कीमत बढ़ने के पीछे मुनाफाखोरी का खेल भी हैं। मंडी में आने से बाजार तक पहुंचते-पहुंचते सब्जियों की कीमत चार गुनी तक हो जाती है। मंडी में किसान अपने उत्पादों को नीलामी के माध्यम से व्यापरियों को बेच देते हैं। ऐसे में मंडी के खुदरा दुकानदार तक पहुंचते-पहुंचते ही सब्जियों की कीमत में प्रति किलो दो से तीन रूपए का इजाफा हो जाता है। अब मंडी से बाजार तक सब्जियों को ले जाने में ढुलाई खर्च, दुकान का किराया, बाजार के ठेकेदारों को चुकाए जाने वाले सुविधा शुल्क सब्जियों की कीमतें बढ़ाने का काम करते हैं।

**खेती-किसानी कार्य में जुटे ग्रामीण.....**



**बरबसपुर।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम नाऊडीह, दौजरी, सिंघनपुरी, हरिनछपरा, बरबसपुर, बीजाझोरी, जेवड़न खुर्द, बाझीमौहा, सारंगपुर खुर्द, डबराभाट एवं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसान खेती-किसानी कार्य में जोरों से जुट चुके है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसान द्वारा गोबर खाद को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भर कर खेतों में ले जा रहे है ताकि धान फसल की अच्छी पैदावार हो सके।

# कोलेगांव में चावल उत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम पंचायत कोलेगांव स्थित उचित मूल्य की दुकान में सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा के अगुवाई में मां सरस्वती माता के तैलचित्र में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ग्रामीण गरीब व मजदूर हितग्राहयों को तीन माह जून, जुलाई तथा अगस्त माह का चावल एक मुश्त देकर चावल उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सरकार के आदेशानुसार 1 से 7 जून तक चावल उत्सव मनाया जा रहा है, वहीं शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना में से एक आज क्षेत्र में ग्रामीण गरीब, मजदूर परिवार को चावल वितरित की गई, जिससे बरसात के माह ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या व परेशानी ना हो। इस चावल उत्सव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा, सरपंच सुरेश ध्रुव, हाई स्कूल शाला प्रबंधन अध्यक्ष डॉ संतोष साहू, पंच रामसहाय साहू, जगतु साहू, ढोलाराम चंद्राकर, निर्मलकर साहू साथ ही साथ शाखा प्रबंधक दीपकुमार चंद्राकर, सेल्समैन नरेंद्र चंद्रवंशी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## पेज 9 के शेष...

### स्मार्ट मीटर लगाने...

नगर के सभी पंन्द्रह वार्ड मे लग रहे स्मार्ट विद्युत मीटर संदिग्ध युवक व युवतियों से लगवाया जा रहा है जिनका रिकार्ड भी पुलिस के पास नही है स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने वालो से भी पूछताछ करने की आवश्यकता है। **आरोपी शीघ्र पकड़े जाएंगे-** पीड़ित ने तत्काल अपना बैक से एकाऊंट फ्रीज कराकर थाना थान खम्हरिया को साईबर क्राईम होने की सूचना दी,थाना प्रभारी द्वारिका देशलहरे ने साईबर सेल बेमेतरा से संपर्क कर जल्द ही अपराधीयो को पकडे की बात कही है।अब नगर सहित ग्रामीण अंचलो के मोबाईल धारको को जागरूकता से काम लेना होगा किसी भी प्रकार की फर्जी काल या लालच भरी बातो पर ना आए और बैंक व पुलिस द्वारा चलाई जा रही जन जागरूकता अभियान से जुडकर अपनी बैंक खाता व जमा पूजी को संरक्षित करने जागरूकता दिखाएँ।

### किराना दुकान से...

की रकम ही नहीं, बल्कि बैंक से लिए गए 3.77 लाख रुपये के केसीसी लोन की राशि भी चोरी हुई थी। कुल मिलाकर दुकान से 8 लाख रुपये से अधिक की नगदी चोरी गई थी। **संदेहियों से सख्ती से पूछताछ, तीन ने कबूला जुर्म-** साक्ष्य संकलन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने कठौतिया निवासी पोषण चंद्राकर (19 वर्ष), निलेश आडिल (21 वर्ष) और मथानीकला निवासी अशोक निषाद (22 वर्ष) को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने कबूल किया कि 25 मई की रात चार लोगों ने मिलकर दुकान की सिटकिनी तोड़कर काउंटर से नगदी चोरी की थी। तीन आरोपी पकड़ लिए गए हैं, जबकि चौथा फरार है। **5.20 लाख बरामद, आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया-** पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से 5,20,680 रुपये की नकदी बरामद की है। चोरी की गई शेष रकम व फरार आरोपी की तलाश के लिए टीम बनाई गई है। मामले में धारा 111(1), 3(5) बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई है। रविवार 8 जून को तीनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### कठिया स्कूल के...

है। मितानिन दीदी गर्भवती महिलाओं को दवा और चिकित्सकीय सहयोग प्रदान करती हैं। छात्रों ने भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से सवाल पूछे, जिनमें पंचायत की भूमिका, आधुनिक कृषि तकनीकों का उपयोग, जनसंख्या और समस्याओं के समाधान से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। सरपंच मनाराम साहू, वरिष्ठ नागरिक दाऊ अंजोर सिंह यदु (उम्र 103 वर्ष) समेत कई ग्रामीणों ने छात्रों से संवाद किया। विद्यालय के शिक्षक चंद्रकिरण बोबचे, शशिकांत साहू, रोशनी शुक्ला, एडमिन हेमेंद्र साहू एवं वाइस प्रिंसिपल परमेश्वरी कश्यप सहित समस्त स्टाफ ने भ्रमण में सक्रिय भागीदारी निभाई। ग्राम मटका के लोगों ने विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने ग्रामवासियों के सहयोग हेतु आभार प्रकट करते हुए भ्रमण का समापन किया।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व...

कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि किसी भी गर्भवती महिला को इस अभियान के लाभ से वंचित न रहना पड़े। इस दौरान हाई रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान कर समय रहते उपचार की व्यवस्था की जाएगी। जिला समन्वयक हिना सिन्हा ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत "मदर्स पिकनिक" का भी आयोजन किया जाएगा। इसके तहत गर्भवती महिलाओं को लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर का विजिट कराया जाएगा, जिससे उनका प्रसव संबंधी तनाव कम हो और उन्हें सुरक्षित प्रसव के लिए मानसिक रूप से तैयार किया जा सके। जिला प्रशासन ने सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाएं और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करें।

### शोभायात्रा निकाली...

समिति को इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने ने कहा कि गांव में ऐसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक सौहार्द बढ़ता है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। मैं इस पावन कार्य में सम्मिलित होकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। ग्राम पंचायत सरपंच खेमकली ललित साहू ने कहा कि गांव की एकता, श्रद्धा और सेवा भावना ने इस आयोजन को विशेष बना दिया है। यह सिर्फ मंदिर की स्थापना नहीं, बल्कि गांव की सांस्कृतिक जागरूकता और आत्मबल का प्रतीक है। इस अवसर पर उपसरपंच नंदकुमार साहू, शंकर साहू, सरजू साहू, दीपक साहू, मेलाराम साहू, राकेश साहू, रामकुमार तिवारी, हीराराम साहू, गौकरण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्यों, युवाओं और ग्रामवासियों की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### सेल का डिफेंस कॉन्क्लेव स्वदेशी और आयात प्रतिस्थापन पर हुआ मंथन

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा दुर्गापुर के अपने अलॉय स्टील्स प्लांट (एएसपी) में सेल-डिफेंस कॉन्क्लेव का आयोजन किया। सम्मेलन में भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों ने भी भाग लिया। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भरता, स्वदेशीकरण और आयात प्रतिस्थापन के विषयों पर केंद्रित था। ऑर्डिनेंस फ़ैक्टरिज समेत प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कॉन्क्लेव क विचार-विमर्श में भाग लिया। सेल के निदेशक वीएस चक्रवर्ती और राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक व दुर्गापुर और बर्नपुर स्टील प्लांट के अतिरिक्त प्रभारी निदेशक आलोक वर्मा शामिल थे। सम्मेलन के दौरान हुई चर्चा में, मैटेरियल स्पेसिफिकेशन में बेहतर तालमेल, स्वदेशी प्रौद्योगिकी अपनाने और महत्वपूर्ण रक्षा जरूरतों को पूरा करने में सेल की भूमिका के विस्तार की संभावनाओं पर बातचीत हुई।

### बीआरएम ने रचा उत्पादन कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) की टीम ने 5 जून मे 12 मिमी टीएमटी बार में 3381 टन (1642 बिलेट्स) का उत्पादन कर एक नया 'दिवस कीर्तिमान' स्थापित किया। इससे पूर्व यह कीर्तिमान 26 सितंबर 2024 को 3368 टन (1635 बिलेट्स) का था। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने उपलब्धी पर कहा कि बीआरएम की निरंतर सफलता में प्रत्येक कर्मचारी का योगदान महत्वपूर्ण है। सीजीएम योगेश शास्त्री ने पूरी मिल बिरादरी को बधाई दी। कार्यक्रम मे महाप्रबंधक एसएन त्रिपाठी, आशीष, शाश्वत मोहंती, शिखर तिवारी तथा उप महाप्रबंधक तुषार श्रीखंडे आदि उपस्थित थे।

### कोक ओवन विभाग में सुरक्षा सजगता पुरस्कार कार्यक्रम में कार्मिक पुरस्कृत

**भिलाई।** बीएसपी के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग (सीओ एंड सीसीडी) में 6 जून को ठेका श्रमिकों के लिए सुरक्षा सजगता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा के मुख्य आतिथ्य में मुख्य महाप्रबंधक सभागार में किया गया। इस अवसर पर विभाग के ठेका कर्मियों को सुरक्षा सर्वोत्तम सुरक्षा अनमोल एवं सुरक्षा दक्ष श्रेणियों में पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे जे तुलसीदासन, महाप्रबंधक प्रभारी एस रॉयचौधरी, महाप्रबंधक प्रभारी झगर सिंह, विभागीय अनुभाग अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं एचआर अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम मेंमेसर्स नवीन कुमार, मेसर्स धीरज ट्रेडर्स, मेसर्स एचएससीएल, मेसर्स रोजी एंटरप्राइजेज एवं मेसर्स एम पी कंस्ट्रक्शन के कर्मचारियों को "सुरक्षा सर्वोत्तम" पुरस्कार, मेसर्स जे बी ट्रेडर्स, मेसर्स नवीन कुमार, मेसर्स एम मोहन एवं मेसर्स सरकार एंटरप्राइजेज के कर्मचारियों को सुरक्षा अनमोल तथा विभिन्न ठेकेदारों के 33 कर्मचारियों को सुरक्षा दक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## ग्राम पंचायत असोगा के पंचवन सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा का मामला

# शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शासकीय ज़मीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने में पाटन के अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं जिसके चलते संबंधित विभाग से तारीख पे तारीख देकर समय को टाला जा रहा है। अधिकारियों के सामने पंचायत की प्रस्ताव बौना साबित हो रहा हैं। वहीं अतिक्रमणकारियों का हौसला बुलंद होती जा रही हैं।

यह मामला हैं ग्राम पंचायत असोगा की है जहां ग्राम पंचायत असोगा के पंचवन सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ ग्राम पंचायत ने अवैध कब्जा हटाने पंचायत में प्रस्ताव किया था। साथ ही कब्जा हटाने के लिए समाधान शिविर में भी कब्जा हटाने आवेदन दिया गया था। ग्राम पंचायत द्वारा अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग के बाद तहसीलदार पाटन द्वारा 28 मई को कब्जा हटाने का समय निर्धारित किया गया था लेकिन उक्त तिथि को समाधान शिविर में व्यस्तता होने का हवाला देकर कब्जा नहीं हटाया गया। उसके बाद 3 जून की तिथि निर्धारित हुआ लेकिन पर्याप्त बल नहीं होने की हवाला देकर अवैध कब्जा हटाने की बात कहते हुए कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। लगातार दूसरी बार कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं किए जाने से पंचायत प्रतिनिधि, राजस्व विभाग की टालमटोल करने की रवैये से नाराजगी जाहिर किए हैं। सरपंच जानकी चोपड़िया ने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा लगातार दूसरी बार कब्जा हटाने टालमटोल कर दिया गया है। अब पंचायत प्रतिनिधि कलेक्टर से मिलकर कब्जा हटाने की मांग करेंगे। कार्रवाई नहीं होने से गांव में अधिकारियों के प्रति आक्रोश पैदा हो रही है। वहीं पंचायत पदाधिकारियों ने पाटन एसडीओपी को आवेदन सौंपकर बल प्रदान करने की मांग किये। साथ ही जल्द अतिक्रमण हटाने में सहयोग के लिए मांग किये। जिसके बाद पाटन एसडीएम से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन आचार संहिता के दर्मियान ग्राम असोगा में जिस-जिस जगह पर अतिक्रमण मकान निर्माण, अहाता निर्माण, शौचालय निर्माण अतिक्रमणकारियों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है। उक्त स्थल से अतिक्रमण विधिवत हटाने की कार्यवाही करने का की मांग की है जिससे कि आम जनता को परेशानी न हो।

**कब्जा हटाने पंचायत पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**



## अंचल की खबरें

### सत्या खो-खो क्लब के चार खिलाड़ी चयनित




**उतई।** सत्या खो-खो क्लब ग्राम पुरई के चार सब जूनियर खिलाड़ी राज यादव, मयंक पटेल, गुलशन नवरंगे और चांदनी यादव का चयन दुर्ग जिले के टीम के लिए चयनित हुए हैं। ये चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो-खो संघ के द्वारा आयोजित 5वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर खो-खो प्रतियोगिता 2025 का आयोजन में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 6 जून से 8 जून तक ग्राम लैलूंगा जिला रायगढ़ में आयोजित है। इन सभी खिलाड़ियों को सत्या खो-खो क्लब के अध्यक्ष गुलाब साहू, उपाध्यक्ष शिव कुमार साहू, सरपंच डोमार सिंह साहू, उपसरपंच शीतला ठाकुर, मुख्य प्रशिक्षक भुनेश्वर साहू, थालेश्वर साहू, मोरजध्वज पटेल, गजेन्द्र कुमार साहू आदि ने इन खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दिए हैं।

### डुन्डेरा में आंगनबाड़ी का हुआ उद्घाटन



**उतई।** ग्राम डुन्डेरा में पार्षद द्वय विक्रम चंद्राकर एवं रोहित धनकर के आतिथ्य में दो नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का उद्घाटन हुआ। ये आंगनबाड़ी केन्द्र रिसाली नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुन्डेरा वार्ड 35 एवं वार्ड 36 में प्रारंभ किए गए हैं। इस दौरान आंगनबाड़ी सुपरवाइजर शिल्पा श्रीवास्तव, रोमशंकर यादव, इंद्रजीत सोनवानी, दुर्गेश साहू, पवन बंजारे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हुलसी साहू, हेमलता साहू, बीना यादव, सुनीता देवांगन, अन्नपूर्णा सोनवानी एवं सहायिका दिलेश्वरी साहू, ग्रामीण ओंकेश्वर साहू, रोशन साहू, उत्तरा साहू, कांति विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण



**सेलूद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जवाहर वर्मा परिवार द्वारा भुतर्रा तालाब पार में बगरद व पीपल के पौधे का रोपण किया गया । जवाहर वर्मा ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और अपने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएं। हमें मिलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण करना है। यह पहल केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि हमें इन पौधों के संरक्षण और संवर्धन का भी संकल्प लेना चाहिए। वृक्ष हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। ये न केवल शुद्ध हवा प्रदान करते हैं, बल्कि जल, भूमि और जैव विविधता की रक्षा भी करते हैं। ग्रामीण वासियों से अपील की कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं। उन्होंने कहा कि यदि हम आज पौधे नहीं लगाएंगे, तो भविष्य में हमें मरुस्थलीकरण जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। पर्यावरण की रक्षा के लिए यह जरूरी है कि हर व्यक्ति अपने घर के आसपास पौधे लगाए । इस अवसर पर जवाहर वर्मा, दऊवाराम वर्मा, सरपंच खिलेश मारकंडे, जयश्री वर्मा, दानेश्वर वर्मा, रवि पटेल, कुशल देव मारकंडे, केशव यादव, प्रज्ञा वर्मा सहित परिवार के लोग शामिल थे ।

## कुपोषण मुक्ति की चयनित ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कर रहे गृहभेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास जिला दुर्ग कुपोषण से सुपोषण की ओर अग्रसर है। विभाग द्वारा कुपोषण को कम करने के लिए समुदाय में पोषण संबंधी जागरुकता आए इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें सभी कुपोषण मुक्ति के चयनित ग्राम पंचायतों में सतत गृहभेट आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। अजय कुमार साहू जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी जिला दुर्ग ने बताया कि कुपोषण मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान से लोगों में जागरुकता आ रही है। कई स्थानों पर चिप्स, कुरकुरे और अन्य प्रकार के पैकेट वाले खाद्य पदार्थ कुपोषित बच्चों के सेहत को खराब कर रहे हैं। यह जानकारी परिवारों को होने पर अब धीरे-धीरे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। ऐसी ही कहानी परियोजना दुर्ग ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर रसमड़ा के ग्राम गनियारी के आंगनबाड़ी केंद्र 1 की कुपोषित बालिका कृषा ठाकुर उम्र 2 वर्ष 6 माह की है जो कि मध्यम कुपोषित में थीं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जब गृहभेट में गई तो उसने देखा कि बालिका को बाहरी पैकेट वाले फूड खाने की आदत थी इस कारण से उसका वजन नहीं बढ़ रहा था और उसे सामान्य में आने के लिए 800 ग्राम की कमी थी। फिर कार्यकर्ता मिथिलेश देवदास नियमित गृहभेंट करके खान-पान संबंधी सलाह दी और सबसे पहले बाहर के पैकेट वाले चिप्स और अन्य खाद्य पदार्थों को न खिलाने की समझाइश दी।गृहभेट के दौरान शशि रैदास पर्यवेक्षक द्वारा घर के बने हुए भोजन, रेडी टू ईट का नियमित उपयोग , अंकुरित अनाज, चना, गुड़ मूंगफली और मौसमी फल को शामिल कराया गया ।महिला बाल विकास विभाग द्वारा दिए गए डाइट चार्ट को पढ़ाकर समझाया और घर वालों को इसका नियमित पालन करने के लिए कहा गया।



■ सतत देखभाल से सुपोषित हुई कृषा

### तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव की दी जानकारी



**सेलूद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी के निर्देश तथा खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ. भुवनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर आरएचओ बसंत कुमार साहू ने ग्रामीणों को तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट, शराब आदि के सेवन से मनुष्य एवं समाज को होने वाले नुकसान व दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि तम्बाकू उत्पादों में बहुत ही खतरनाक रासायनिक पदार्थ पाये जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होते हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से आरएचओ बसंत साहू, मधु साहू, सीएचओ लाभेश्वरी यदु, मितानिन प्रेरक सुमन वर्मा, मितानिन हेमपुष्पा साहू, पंचबाई यादव, देवला ठाकुर, ममता यदु, रामदुलारी साहू, हिरमोतीन साहू आदि के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## चावल उत्सव में मिला तीन माह का एकमुश्त चावल



**निकुम।** ग्राम निकुम में प्रदेश सरकार के आदेशानुसार चावल उत्सव मनाया गया। जिसमें हितग्राहियों को तीन माह का चांवल एकमुश्त दी गई। बता दें कि 1 जून से 7 जून तक चावल उत्सव का आयोजन किया जा जा रहा है। इस दौरान पात्र राशनकार्ड धारियों लगभग 1100 परिवारों को जून, जुलाई, अगस्त 2025 की राशन साम्रगी एकमुश्त वितरित की जा रही है। इस दौरान ग्राम सरपंच निकुम भागवत पटेल ने कहा कि शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी परिवारों को मिले, मोदी सरकार की गांरटी का लाभ सभी को मिले, वहीं संचालक को कहा कि समस्त राशन कार्डधारियों को समय पर तय मात्र में राशन मिले। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव प्रसाद देशमुख, सेवा सहकारी समिति निकुम अध्यक्ष भैय्या लाल साहू, रोशन देशमुख, पवन देवांगन, पंचराम धनकर, धनेश्वरी देशमुख सहित बड़ी संख्या में चावल लेने हितग्राही पहुंचे।

### सोसायटियों में किसानो को खाद्य बीज उपलब्धता के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जिले के समस्त सोसायटियों में खाद्य, बीज की उचित उपलब्धता व भंडारण की व्यवस्था के लिए मंडी सचिव, ज़िला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ व समिति प्रबंधक को फ़ोन और पत्राचार के माध्यम से निर्देश प्रदान किया। कुछ दिनों से प्रदेश में बारिश का सीजन चालू हो गया है, मानसून दस्तक दे दी है किसान भाई बहन खेती किसानी के कार्य में लग गए है खेती किसानी के काम को देखते हुए आगामी खरीफ सीजन के लिए जिले के सभी सोसायटियों में किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार मानक स्तर के खाद-बीज की सरलता से उपलब्धता सुनिश्चित कराने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। राज्य में खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान साथियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस संबंध में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खरीफ सीजन में किसान भाईयों द्वारा डीएपी खाद की मांग ज्यादा की जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डीएपी खाद की मांग के अनुरूप सतत आपूर्ति पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।



### तिरगा में स्वच्छता अभियान चलाकर किया पौधारोपण




**अंडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत तिरगा के सरपंच घसिया राम देशमुख के नेतृत्व में और सर्जना युवा समिति, ग्राम के महिला मण्डल, युवा संगठन, स्व सहायता समूह, शालेय बच्चे, विद्यालय स्टॉफ के साथ मिलकर सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया और पौधारोपण भी किया गया। साथ ही पूर्व से रोपित पौधों की ट्री गार्ड से सुरक्षित कर पानी सिंचित किया गया। सरपंच ने बच्चों को वर्तमान पर्यावरण के प्रदूषण व पेड़ पौधों के महत्त्व से अवगत कराया। वहीं अधिक से अधिक पेड़ लगाकर संरक्षित करने का अपील किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य पी रामटेके, सर्जना समिति अध्यक्ष हेमंत ऋषि, रघुनाथ देशमुख, बीरेंद्र निषाद, डोमन देशमुख, अजय देशमुख, घनश्याम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### एसएमएस 3 ने दिया पर्यावरण का संदेश



**भिलाई।** पर्यावरण दिवस स्टील मेल्टिंग शॉप-3 और आरएमपी-3 के कार्मिकों ने पौधारोपण किया। प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने का लिया संकल्प लिया। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 टीम ने मेसर्स इनोमोटिक्स इंडिया के साथ यह कार्यक्रम किया। परिसर में एरिका पाम, विद्या, टगर चांदनी और मधुकामिनी के पौधे रोपित किये गए। महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोज़ ने प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने का आह्वान किया। मेसर्स इनोमोटिक्स के टीम लीडर श्री कुबेर जेना ने पौधारोपण पर जोर दिया। जीएम डी एल कुमार, पी सतपथी, एसके मिश्रा, डी के वार्ष्णय आदि उपस्थित थे। आरएमपी 3 मे भी पौधारोपण किया गया। सीजीएम प्रभारी तापस दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य थे। नीम, करंज और बादाम के पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी रतन मुखर्जी, महाप्रबंधक वीरेन्द्र वोगले, मनोरंजन संध, संजय नायक व दिगेन्द्र कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

### कौशल विकास के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू



**पाटन।** जय जोहार सेवा जोहार समाज सेवी संस्थान छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत संस्थान है, जहां 2 जून से पाटन जिला दुर्ग छग में विद्यार्थियों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका शुभारंभ पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश भाले द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे, नगर पंचायत सभापति देवेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत सभापति केवल देवांगन, उप नेता प्रतिपक्ष दीपक यादव, पार्षद प्रतिनिधि सरजू साहू और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की अध्यक्ष पूजा पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर निर्मलकर व लक्ष्मी निर्मल द्वारा किया गया। इस केंद्र में बच्चों को निःशुल्क ट्रेनिंग दिया जाएगा। जिसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार भी किया गया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सम्मान समारोह आयोजित

# जीवन को संवारने में संस्कार निभाता है महती भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सम्मान समारोह आयोजित कर 5वीं, 8वीं एवं 10वीं में विद्यालय स्तर पर टाप फाइव विद्यार्थियो एवं उनके माता-पिता का सम्मान भगवान राम की तैल चित्र भेंट कर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सेजस जामगांव आर प्राचार्य चेतना ठाकुर थीं। अध्यक्षता विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने किया व विशेष अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान पाठक डॉ. छगनलाल सोनवानी समाज कल्याण विभाग अधिकारी आरके ठाकुर मर्रा पूर्व सरपंच तुलाराम वर्मा एवं साहू समाज के तहसील उपाध्यक्ष डॉ.गुलाब सिंह साहू थे। विद्यालय की ओर से निपानी सोसायटी अध्यक्ष बेनीराम साहू ने मोमेंटो भेंट कर मुख्य अतिथि प्राचार्य चेतना ठाकुर का स्वागत किए। मुख्य अतिथि सेजस प्राचार्य चेतना ठाकुर ने कहा कि जीवन को संवारने में संस्कार महती भूमिका निभाती है। शिक्षा और संस्कार जिस व्यक्ति के पास है वह व्यक्ति समाज का आदर्श बन जाता है, रोल मॉडल बन जाता है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का काफी महत्व होता है जो बच्चे अनुशासन में चलते हैं, माता-पिता, गुरु की बातों पर ध्यान देते है उनका परिणाम उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत देते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर में टॉप फाइव विद्यार्थी सम्मान पाने वाले बच्चों के माता-पिता उपस्थित होकर गौरवान्वित हो रहे हैं। प्रत्येक बच्चों को ऐसे ही राह चुनना चाहिए जिसमें माता-पिता, गुरु गौरवान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि जो बच्चे सम्मान पाने से इस साल चूक गए अगली बार अच्छी मेहनत करके अपनी माता-पिता को गौरव सम्मान अवश्य दिलाए। नर्वस नहीं होवे मेहनत करे।



### विद्यार्थियों और माता-पिता को किया सम्मानित

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर ने विद्यालय स्तर पर कक्षा 10वीं, 8वीं, 5वीं के टाप फाइव विद्यार्थियों जिसमें 10वीं में झील चंद्राकर 94.33 प्रतिशत, माधवी 90.5, विनय 87. 83, विभा 85. 6, साधना 80.5 प्रतिशत, 8वीं में तान्या साहू 91.83, उपासना साहू 86.5, तन्नू साहू 86, साहित्य पटेल 71.17, प्रभाकर 71 एवं 5वीं पूर्वी बंजारे 77 प्रतिशत, नूतन ठाकुर 74.5, दीपांशु साहू 73.5, खुशांत पटेल 71 और ख्याति निर्मलकर 70.5 प्रतिशत प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं माता-पिता को गौरवान्वित किए। इन विद्यार्थियों एवं इनके माता-पिता को भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर सतवन बंजारे, खोजन बंजारे टेमरी, आशा ठाकुर, कुंती पटेल तवेरा, ओमिन गबदी, हेमलता साहू रनचिराई, वर्षा साहू भरर, ढालेश्वरी साहू, मनहरण पटेल आदि उपस्थित थे।

**अनदेखी:** वर्षा ऋतु पूर्व पानी टंकियों की साफ-सफाई कराना आवश्यक

# सालों नहीं होती पानी टंकियों की सफाई, शुद्ध पेयजल पर सवाल?

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर वनांचल ईलाकों में लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए शासन द्वारा नल-जल योजना, जल जीवन मिशन सहित इससे मिलती जुलती अन्य योजनाओं के तहत आबादी क्षेत्र में लाखों रूपए की राशि खर्च कर विशालकाय पानी की टंकियां निर्मित कराई गई है।

इन पानी टंकियों को प्रतिदिन मोटर पंप की मदद से भरा जाता है और फिर क्षेत्र में बिछी पाईप लाईन के जरिए घरों घर तथा कथित शुद्ध पेय जल सप्लाई किया जाता है। अब यह पेय जल कितना शुद्ध होता है यह तो खैर जांच का विषय है लेकिन लोगों की माने तो जिले में इन योजनाओं के तहत बनी ऐसी अधिकांश पानी टंकी हैं जिनकी साफ सफाई निर्माण के बाद से आज तलक नहीं हुई है। जबकि कई टंकियों का निर्माण हुए वर्षो हो चुके हैं। विशेषकर जिले के ग्रामीण एवं वनांचल ईलाकों की पानी टंकियों की साफ-सफाई के प्रति ग्राम पंचायतों द्वारा उदासीन रवैया अपया जा रहा है। जबकि जानकारों की माने तो शासन द्वारा जल प्रदाय शुद्धिकरण के लिए 15 वे वित्त मद से ग्राम पंचायतों का बकायदा राशि स्वीकृत की जाती है। ताकि पानी टंकी की साफ सफाई एवं पाईप लाईन की टूट-फूट रिपेयरिंग की जा सके। लेकिन ग्राम पंचायतों द्वारा इस राशि का उपयोग कहां और किस कार्य के लिए किया जा रहा है भगवान जाने। बताया जाता है कि यह स्थिति सिर्फ ग्राम पंचायतों भर की नहीं है बल्कि जिले की कुछ नगर पंचायतों और नगर पालिका की भी कमोबेस यही स्थिति है जहां पानी टंकियों की साफ सफाई में भारी कोताही बरती जा रही है। जिससे लोगों में जलजनित बीमारियों का खतरा बना रहता है।

## वर्षाकाल में जल जनित बीमारी फैलने का खतरा



जानकारों के मुताबिक दूषित पानी कई बीमारियों का कारण बनता है। पानी में पनपने वाले बैक्टीरिया से हैजा, टाइफाइड, गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डायरिया, डर्मेटाइटिस, पेचिश और शिगेलोसिस जैसी जल जनित बीमारियां होती हैं। वहीं वर्षाकाल में इसकी संभावना और ज्यादा होती है। पेयजल आपूर्ति के लिए उपयोग में लाई जाने वाली पानी टंकियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने से इस बात की आशंका जताई जा रही है इन टंकियों का पानी भी लोगों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। ऐसे में पानी टंकियों की साफ-सफाई जरूरी है।



### स्कूलों में लगी पानी टंकी की भी हो नियमित साफ-सफाई

इसी तरह जिले के प्रायः सभी शासकीय स्कूलों में भी बच्चों को पेयजल आपूर्ति के लिए स्कूलों की छतों में पानी टंकी का निर्माण कराया गया है जिससे नलों के माध्यम से पानी सप्लाई किया जाता है। लेकिन लोगों की शिकायत है कि स्कूल प्रशासन द्वारा इन पानी टंकियों की साफ सफाई में भी कोई खास रूचि नहीं दिखाई जाती और स्कूली बच्चे इन्हीं टंकियों का पानी कई वर्षो से पीते आ रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी स्कूलों में लगी पानी टंकियों की विधिवत साफ सफाई कराई जाए ताकि विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति हो सके।

# शराबियों का हुड़दंग, ग्रामीण परेशान शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत वनांचल ग्राम कोदवागोड़ान में शराब और सट्टे का अवैध कारोबार पूरे शबाब पर चल रहा है। जिसकी लगातार शिकवा शिकायतें करने के बाद भी न तो पुलिस प्रशासन इस पर कार्यवाही कर रहा है और न ही आबकरी विभाग इस पर लगाम लगाने कोई कदम उठा रहा है। आलम ये है कि गांव के बीचों बीच गुजरने वाले मुख्यमार्ग पर जहां छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का आना जाना लगा रहता है शाम के समय शराब के नशे में धुत होकर तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के चलते हर समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर गति अवरोधक नहीं होने से नाबालिग और नई उमर के वाहन चालक खतरनाक ढंग से ट्रैक्टर व मोटर साइकिल को भगाते हैं जिससे आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। वहीं कुछ आदतन बेवड़ों के द्वारा प्रतिदिन शराब पीकर सड़कों में अभद्रता पूर्वक बेहद अश्लील शब्दों में गाली गलौच किए जाने से भी काफी तनाव पूर्ण और महिलाओं के लिए शर्मनाक स्थिति बन जाती है। यही स्थिति कोदवागोड़ान और क्षेत्र में सट्टा की है। यहां सटोरिए सरेआम सट्टा पट्टी लिख रहे हैं और लोग अंको में दांव लगा रहे हैं। लेकिन कार्यवाही शून्य है। ऐसे में ग्रामीणों ने जिले के नए पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि जिले के छोर पर स्थित वनांचल के ऐसे गांवों में जहां असामाजिक तत्वों पर अभी तक कड़ी कार्यवाही नही होने से उनकी उच्छृंखलता बढ़ती जा रही है और आम लोगों का जीवन दूभर होता जा रहा है, वहां की पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त की जाए।

## बाजार...



कवर्धा। नगर के सब्जी बाजार में खूब बिक रहा है आचार का आम

## खबर संक्षेप

### भाई से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार


**चिल्फीघाटी।** चिल्फी थाना क्षेत्र के ग्राम माराडबरा में पारिवारिक विवाद के चलते छोटे भाई ने बड़े भाई पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। चिल्फी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड - पर भेजा है। पीड़ित सुखलाल गोड़ माराडबरा गांव का रहने वाला है। घटना 5 जून की है। पीड़ित सुखलाल रात में अपनी पत्नी के साथ घर के सामने बैठा था। तभी उसका छोटा भाई पतिराम गोड़ वहां आया और विवाद करने लगा। सुखलाल विवाद से बचते हुए पास के ग्रामीण रमेश यादव के घर चला गया। आरोपी वहां भी पहुंच गया और डंडे से अपने भाई सुखराम के सिर और पैर पर हमला कर दिया। जिससे सुखलाल के सिर में गंभीर चोट आई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पतिराम गोड़ आयु 45 निवासी माराडबरा को गिरफ्तार कर लिया है।

### बीकॉम फाइनल का परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने बीकॉम तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम जारीकी दिया है। इस परीक्षा में पीजी कॉलेज कवर्धा से 147 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 142 विद्यार्थी पास हुए। एक को पूरक मिला। एक फेल हुआ। तीन विद्यार्थियों का परिणाम रोका गया। ओवरऑल रिजल्ट 96.60 प्रतिशत रहा। परीक्षा में कनक माली ने 68.56 प्रतिशत अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया है।

# राहत कम आफत ज्यादा, हल्की बूंदाबांदी भी विद्युत व्यवस्था पर भारी

## चटख धूप के साथ बेमौसम बूंदा बांदी से रही उमस



- लोगों को अब बड़ी बेसब्री से मानसून का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

करीब-करीब तीन महिनों से भीषण गर्मी की मार झेल रहे अंचलवासियों की सहन शक्ति अब जवाब देने लगी है और वे बड़ी बेसब्री से मानसून का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके।

रविवार को भीषण गर्मी और चटख धूप के बीच दूसरे पहर में अचानक बदलते मौसम में इसकी संभावना भी बनी लेकिन बदला मौसम राहत कम और आफत ज्यादा लेकर आया क्योंकि कवर्धा का मौसम बदलते ही नगर के कई ईलाकों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई और लोगों को मिली राहत आफत में बदल गई। उल्लेखनीय है कि जून के इस महिने में भी कवर्धा सहित पूरे अंचल में भीषण गर्मी पड़ रही है और अब लोग आसमान की ओर टकटकी लगाए बड़ी बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

रविवार को भी बारिश के कोई आसार नहीं थे और न ही मौसम वैज्ञानिकों ने इसकी कोई भविष्यवाणी की थी। सुबह से ही चटक धूप खिली थी और पूरे दिन लोगों को तेज धूप तथा गर्म हवा के झोंके हलाकान व परेशान करते रहे। लेकिन दूसरे पहर के बाद शाम होते-होते अचानक मौसम बदल गया और आसमान में बदली छा गई। देखते ही देखते तेज हवा चलते लगी, हल्की बूंदाबांदी भी शुरू हो गई। जिसके चलते मौसम खुशनुमा हो गया।

लेकिन लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली ही थी कि अचानक कवर्धा नगर के कई ईलाकों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई और राहत आफत में बदल गई। कुछ देर की इस मौसमी उथल पुथल के बाद तेज हवा भी बंद हो गई और बारिश भी रूक गई लेकिन लोगों को बिजली के लिए करीब आधा घंटा का इंतजार करना पड़ गया। लोगों की माने तो भीषण गर्मी व उमस के बीच ये बगैर बिजली के आधा घंटा किसी यातना से कम नहीं थे।

बताया जाता है कि जिला मुख्यालय कवर्धा की ही तरह जिले के ग्रामीण अंचलों में भी इस भीषण गर्मी के दौर में बिजली का कुछ ऐसा ही रोना है। यहां भी उपभोक्ता अघोषित पॉवर कट से हलाकान और परेशान है।

### क्या पूरी बरसात ऐसे ही रूलाएगी बिजली

कहना गलत नहीं होगा कि मानसून के इंतजार के बीच रविवार को हुई हल्की बारिश मानसून के दस्तक की आहट दे रहा है और उम्मीद की जा रही है कि आने वाले हप्ते तक मानसून दस्तख दे देगा। लेकिन लोगों द्वारा सवाल उठाया जा रहा है कि क्या विद्युत विभाग की खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था के बीच पूरे वर्षाकाल कै दौरान इसी तरह से बारिश की दो बूंद विद्युत व्यवस्था पर भारी पड़ते रहेगी। कवर्धा के विद्युत उपभोक्ताओं ने वर्षाकाल के मद्देनजर विद्युत व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है ताकि उपभोक्ताओं को आने वाले दिनो में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति हो सके।

# वर्षा पूर्व मुक्तिधाम पहुंच मार्ग निर्माण की मांग

## विभिन्न समस्याओं से जूझ रही ग्राम पंचायत कोलेगांव

- वर्षाकाल में दाह संस्कार के लिए मुक्तिधाम पहुंचना टेढ़ी खीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

जिले के विधानसभा पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलेगांव आज भी विकास से वंचित नजर आ रहा है। आलम ये है कि यहां न तो ग्रामीणों को जीते जी सुविधाएं नसीब हो पा रही है और न ही मरने के बाद उन्हें सुविधाएं मिल पा रही है। ग्राम पंचायत कोलेगांव के ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा गांव के समुचित विकास के लिए मूलभूत एवं 15 वें वित्त मद से राशि स्वीकृत की जाती है। इसके अलावा ग्राम पंचायत को भी राजस्व की प्राप्ती होती है वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी अपने-अपने मदों से विकास व निर्माण कार्यो की तथा कथित घोषणाएं व स्वीकृति देते हैं लेकिन ये सभी राशि कहां जाती है और इनका कहा उपयोग किया जाता है यह समझ से परे है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोलेगांव में वैसे तो दो मुक्तिधाम है जिसमें से एक तालाब किनारे है जिसके हालत जर्जर और खस्ताहाल हो चुकी है और इस मुक्तिधाम को मरम्मत की दरकार है। वहीं दूसरे मुक्तिधाम की हाल ही में मरहम पट्टी की गई है लेकिन इस मुक्तिधाम का पहुंच मार्ग आज भी कच्चा है वहीं इस मार्ग में एक नाला भी है जो वर्षाकाल में पानी से लबालब होता है ऐसे में लोगों को बारिश के दिनो में मुक्तिधाम पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा ग्राम पंचायत कोलेगांव के कई वार्डो में आज भी सीसी रोड नहीं बन पाई है, पानी निकासी के लिए नालियों का आभाव देखा जा रहा है। जिन्हें आज तलक नहीं बनवाया गया। माना जा रहा है कि यह क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्राम पंचायत की घोर उदासीनता का परिणाम है जिसका दंश पूरा गांव झेल रहा है। जबकि इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कई बार मांग की जा चुकी है। ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक से वर्षाकाल के पूर्व ग्राम पंचायत कोलेगांव की व्यवस्थाएं दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

## संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को लेकर घर घर तक जाएंगे कार्यकर्ता



**बोड़ला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने अवसर पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को लेकर बोड़ला मंडल में हिन्दू संगम भवन में मंडल स्तरीय बैठक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पहले अतिथियों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जसविंदर बग्गा ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संवाद का मंत्र देते हुए कहा कि मोदी सरकार की 11 साल उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर वर्ग और संगठन को इस अभियान से जोड़ने और लाभार्थियों के अनुभव साझा करने की अपील की।

## दबंगों से त्रस्त आदिवासी सरपंच ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार



**कवर्धा।** दबंगों से त्रस्त ग्राम पंचायत दशरंगपुर के सरपंच ने पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की गुहार लगाई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए नामजद ज्ञापन में ग्राम सरपंच तारकेश्वर सिंह मरकाम ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ दबंग बेवजह ग्राम पंचायत के कार्यो में दखल दे रहे हैं और उस पर किसी काम को करने अथवा न करने का दबाव बरा रहे हैं। सरंपच ने यह भी आरोप लगाया कि व आदिवासी समाज से एक निर्वाचित सरपंच है यह बात भी दबंगों का नगवार गुजर रही है और वे उसे अनावश्यक रूप से परेशान कर झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। जानकारी को मुताबिक शनिवार को ग्राम सरपंच श्री मरकाम के साथ बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे आदिवासी समाज के लोगों ने दबंगों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा है।

**शिविर समापन के पूर्व कवर्धा मे निकाली गई भव्य शोभायात्रा, बच्चों ने शस्त्रकला का किया प्रदर्शन**

# ग्राम बेंदरची में युवा चरित्र निर्माण शिविर का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



धरा संरक्षण सेवा संस्थान के तत्वाधान में जिले के ग्राम बेंदरची में युवा चरित्र निर्माण शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। ग्राम बेंदरची के शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला में गत 3 जून से 9 जून तक आयोजित इस शिविर में छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश के कुल 60 बच्चों को शारीरिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक एवं आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। संस्थान के आचार्य भीमदेव आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि इस 6 दिवसीय शिविर में बच्चो को योग, शस्त्रकला, कराते, सहित विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण योग्य प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि शिविर का समापन 9 जून को ग्राम बेंचरची स्कूल परिसर में ही किया जाएगा। जिसमें देश के कई राज्यों से साधू, संत तथा अन्य अतिथि पहुंचेगे। जिनके द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा और युवा चरित्र निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। श्री आर्य ने बताया कि शिविर के समापन के पूर्व 8 जून को जिला मुख्यालय कवर्धा में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शिविर के प्रशिक्षणार्थी बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर में सीखे गए डंडा, तलवार, भाला आदि शस्त्र विद्या का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होने बताया कि यह कवर्धा जिले में संस्थान का प्रथम शिविर है। आने वाले दिनों में इससे भी बड़ा और व्यापक शिविर का आयोजन किया जाएगा और शिविर आयोजन के पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक बच्चों को इसमें शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

## बोक्करखार सचिव को हटाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कवर्धा।** जिले के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत बोक्करखार में पदस्थ सचिव गौकरन चंद्रवंशी के विरुद्ध ग्रामवासियों ने एकजुट होकर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग की है। इस संबंध में सरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने संयुक्त रूप से जिलाधीश को एक लिखित आवेदन सौंपा है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सचिव गौकरन चंद्रवंशी नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते, जिससे ग्रामीणों के जरूरी कार्य समय पर नहीं हो पाते। साथ ही, पंचायत के कार्यों को स्वयं ना कराकर ठेकेदारों को सौंप दिया जाता है, जो कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। सरपंच एवं अन्य ग्रामवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि सचिव, सरपंच से कोरे चेकबुक में हस्ताक्षर करवाकर मनमाने ढंग से राशि निकालते हैं और उस राशि का उपयोग किस मद में किया गया है।

